तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, सोमवार, 18 अगस्त 2025

[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]



12 कृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर बाबा रामदेव ...





12 परलकोट क्षेत्र में यूरिया संकट के दौर में नैनो यूरिया...









## खबर संक्षेप

### राज्य स्तरीय स्कूल फुटबॉल स्पर्धा के लिए हुआ चयन



**कांकेर।** शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के अंतर्गत संभाग स्तरीय स्कूल फुटबॉल खेल चयन स्पर्धा का आयोजन जगदलपुर के इंदिरा प्रियदर्शिनी स्टेडियम में किया गया, जिसमे बस्तर संभाग के सभी जिलों की स्कूल की फुटबॉल खिलाड़ियों ने हिस्सा लेकर अपने खेल का दमखम दिखाया। फलस्वरूप 14 वर्ष आयु वर्ग में शामाशा जेपरा से चारुल पटेल का चयन किया गया। शाउमावि जेपरा से 17 वर्ष आयु वर्ग में लीना बघेल, तेजेश्वनी यादव एवं 19 वर्ष आयु वर्ग में परमेश्वरी मंडावी तथा शिवानी यादव का चयन किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद, जिला खेल अधिकारी अनिल दहीवले, संजय जैन ने चयनित बच्चों को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की बात कही।

### घटना : पंचायत सुरक्षा को लेकर बना रही है रणनीति, सुरक्षा बहुत जरूरी


# मालांजकुडूम जलप्रपात में डूबे युवक का शव बरामद, पर्यटन विभाग की लापरवाही उजागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

मालांजकुडूम जलप्रपात में हर साल एक न एक व्यक्ति मौत के आगोश में समा जाता है, इस बार 16 अगस्त को रायपुर के एक युवक की जान चली गई। जान युवक की लापरवाही से गई या कारण जो भी रहा हो, जाँच पर पता चलेगा। पर्यटन स्थल होने के चलते पर्यटन विभाग ने सुरक्षा का इंतजाम नहीं किया है। गाँव की समिति प्रवेश के लिए पैसा लेती है, सुरक्षा के लिए किसी भी प्रकार की स्थानीय स्तर पर कोई इंतजाम नहीं कर रखा है और न ही पर्यटकों को गंभीर जगह जाने के लिए रोका जाता है। जिला मुख्यालय से लगभग 18 किमी. की दूरी पर स्थित मलांजकुडूम जलप्रपात ईरादाह ग्राम पंचायत के अंतर्गत आता है। बारिश के समय जलप्रपात उफान पर रहता है और इसे देखने के लिए रायपुर, बालोद, धमतरी, कोंडागांव, राजनांदगांव, भिलाई, दुर्ग जैसे जिले से पर्यटक देखने के लिए पहुँचते है। दूसरे जिले से आने वाले पर्यटकों को मलांजकुडूम जलप्रपात की गहराई का पता रहता नहीं है। मस्ती करते करते पहाड़ पर चढ़ते है और हादसे के शिकार हो जाते है।

- अब तक नहीं हो पाई मृतक की शिनाख्त





मलांजकुडूम जलप्रपात में देखा जाए तो हर साल कम से कम एक हादसा होता है, इस हादसे में स्थानीय और बाहर जिले के लोग मौत के आगोश में समा चुके है। इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि इस स्थल को पर्यटन विभाग ने आज तक गंभीरता से नहीं लिया है। सुरक्षा को लेकर आज तक किसी भी तरह से व्यवस्था नहीं किया गया है। उसी का परिणाम रहा कि हर साल कोई न कोई अनहोनी हो जाती है। अनहोनी होने के बाद और लगातार ग्राम पंचायत द्वारा सुरक्षा की माँग किए जाने के बाद आज तक न तो रेलिंग बनाई गई और न ही बेहतर इंतजाम किए गए।

#### एक दिन बाद मिला शव

जानकारी के अनुसार रायपुर निवासी गोपाल चंद्राकर 16 अगस्त को दोस्तों संग जलप्रपात पहुंचा था। घूमने-फिरने के दौरान अचानक वह पानी की धारा में बह गया और लापता हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और नगर सेना की गोताखोर टीम ने तुरंत खोजबीन शुरू किया। अंधेरा होने तक लापता युवक का कोई पता नहीं लगा पाया। इसके बाद 17 अगस्त की सुबह 9 बजे रेस्क्यू अभियान फिर से शुरू किया गया और घंटों की मशक्कत के बाद लापता युवक गोपाल चंद्राकर का शव जलप्रपात से बरामद किया गया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई किया गया। पीएम के उपरांत शव को परिजनों को सौंपा गया।

#### सुझाव दिया जाता है, पर्यटक नहीं मानते

पूर्व सरपंच दीपक नेताम ने बताया कि गाँव की सहमति से मलांजकुडूम जलप्रपात में प्रवेश के लिए दो पहिया वाहन से 20 रुपए और चार पहिया वाहन से 50 रुपए लिया जाता है। इसके एवज में गांव के प्रतिदिन 8 ग्रामीण मदद के लिए रहते है। पर्यटकों को समझाया जाता है कि कहाँ जाना है और कहाँ नहीं जाना है। इसके अलावा हमारी टीम उस क्षेत्र की स्वच्छता पर ध्यान दिया जाता है। दो दिन पहले हुई घटना पर भी गांव में बैठक हुआ है। सुरक्षा के इंतजाम करना जरूरी है, इसके लिए सरकार को ध्यान देना होगा।

## बीएसएफ कैंप में ब्रह्मा कुमारी सेवा केंद्र ने चलाया नशामुक्ति अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर

ब्रह्मा कुमारी सेवा केंद्र पखांजुर द्वारा नशा मुक्ति अभियान को एक बार फिर से गति दी गई है। इस अभियान के तहत विभिन्न विभागों और संस्थानों में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में 16 अगस्त को 47 बटालियन बीएसएफ कैंप पखांजूर में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बीके शानू बहन ने अपने संबोधन में बताया कि नशे का मुख्य कारण हमारे नैतिक मूल्यों का गिरना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नशा केवल मादक पदार्थों का ही नहीं होता, बल्कि यह कई प्रकार का हो सकता है, जैसे पुराने आसुरी स्वभाव और संस्कारों का नशा, भावनात्मक निर्भरता का नशा या किसी तकनीकी पर अत्यधिक निर्भरता। उन्होंने कहा कि कोई भी नशा मानव जीवन के लिए अच्छा नहीं है, क्योंकि मानव जीवन अत्यंत दुर्लभ और श्रेष्ठ है, और हमें किसी पर निर्भर नहीं रहना चाहिए। उन्होंने नशे के कारण शरीर, मन, धन, परिवार, समाज और देश पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों को विस्तार से समझाया।

- नशे का मुख्य कारण नैतिक मूल्यों का गिरना : बीके शानू

#### मेडिटेशन से छुटकारा पाने के बताए उपाय

ब्रह्मा कुमार प्रदीप भाई ने राजयोग मेडिटेशन के माध्यम से इन बुरी आदतों से छुटकारा पाने के उपाय बताए। उन्होंने प्रतिभागियों को स्वयं को जानने, मानवीय मूल्यों को अपनाने और उस परमपिता परमात्मा के साथ संबंध स्थापित करने की शिक्षा दी। उन्होंने कहा कि राजयोग से ही हम भारत को विश्व गुरु बनाने में सहयोग कर सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि यह सहज राजयोग की शिक्षा ब्रह्मा कुमारीज द्वारा निःशुल्क दी जाती है। 47 बटालियन बीएसएफ कैंप के कमांडिंग ऑफिसर समेत सभी अधिकारियों और जवानों ने इस कार्यक्रम को ध्यान से सुना और सराहा। आश्वासन दिया कि वे इन बुरी आदतों से दूर रहेंगे और अपने परिवार, समाज और देश को भी इससे दूर रखने का प्रयास करेंगे, ताकि हमारा प्रकृति भी सतोप्रधान बन सके।

## आधी रात को बाइक चोरी विवेचना में जुटी पुलिस




कांकेर। पखांजुर थाना क्षेत्र के रूपनगर में रात को अज्ञात चोर ने घर में रखी मोटर सायकल को चोरी कर लिया। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। चोरी की शिकायत करने पहुंचे पीव्ही 24 रूपनगर निवासी 31 वर्षीय प्रकाश सरकार पिता प्रमथ सरकार ने पुलिस को बताया कि 11 अगस्त की रात डेढ़ बजें तक मेरी मोटर सायकल खड़ी था। सुबह 6 बजे उठकर देखा तो मेरा मोटर सायकल वहां नहीं था। मेरी मोटर सायकल को अज्ञात व्यक्ति चोरी करके ले गया। मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 19 बीएस 2769 की कीमत करीबन 35 हजार रूपएं है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 303 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## प्राथमिक शाला जुनवानी में रात में भी लहराता रहा तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

विकासखंड नरहरपुर के प्राथमिक शाला जुनवानी में रात में तिरंगा लहराने का वीडियो वायरल हुआ। वीडियो वायरल होने की जानकारी मिलने के उपरांत विद्यालय के प्रधानपाठक ने झंडा को उतारा। जनप्रतिनिधियों ने इसे प्रधानपाठक की घोर लापरवाही मानते हुए कार्यवाही की माँग किया है। जानकारी के अनुसार प्राथमिक शाला जुनवानी में 15 अगस्त के दिन झंडा फहराने के उपरांत प्रधान पाठक भूल गए और रात में झंडा लहराता रहा। इस घटना को किसी व्यक्ति ने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया और वायरल होते ही विभाग के अधिकारी सक्रिय हो गए। खंड शिक्षा अधिकारी केके साहू ने बताया कि वीडियो मिलते ही जिला शिक्षा अधिकारी के संज्ञान में लाया था, इसके अलावा सीआरसी को कार्यवाही करते हुए रिपोर्ट माँगा गया है। सीआरसी से प्रतिवेदन मिलने के उपरांत कार्यवाही के लिए उच्च अधिकारी को अवगत कराया गया है। जनपद पंचायत अध्यक्ष सोमन सिंह कावड़े का कहना है कि यह प्रधानपाठक की घोर लापरवाही है। विभाग प्रमुख को कड़ी से कड़ी कार्यवाही ▶▶| शेष पेज 10 पर



- वीडियो हुआ वायरल


## नशे में धुत्त युवक की नाली में गिरने से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

बरदेभाटा नीम पेड़ टर्निंग के पास एक युवक नाली में गिरे होने की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके में पहुँची और शव को लेकर मरचुरी में पहुँचाया। पुलिस ने आसपास थाने और आमजन को पहचान के लिए फोटो को वाट्सएप किया, परंतु समाचार लिखे जाने तक पहचान नहीं हो पाई।

पुलिस को 17 जनवरी को सायं 5 बजे के आसपास खबर मिलते ही मौके पर पहुँची और मुहल्ले के लोगों ने बताया कि युवक शराब के नशे में था और लड़खड़ा कर चल रहा था, अचानक नाली में गिर गया। नाली में गिरने से वार्डवासियों ने तत्काल घटना की जानकारी पुलिस को दिया। पुलिस जब तक पहुँचती, तब तक युवक की जान जा चुकी थी। वार्डवासियों की मानें तो मृतक युवक शराब दुकान की ओर से आ रहा था और अकेले था। जाँच पर पहुँची पुलिस का कहना है कि मामले की जाँच किया जा रहा है। इस क्षेत्र के आसपास के सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद ही पता चल सकेगा कि युवक अकेले था या अन्य किसी के साथ में था। पुलिस का कहना है कि मृतक की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है, पहचान के लिए विभिन्न माध्यमों से प्रयास किया जा रहा है। पहचान हो जाने के बाद ही घटना का सही सुराग पता चल सकेगा। बारिश दिनभर होने से नाली में भी पानी भरा हुआ था और मृतक के गिरने के उपरांत पानी के संपर्क में आने से ही उसकी मौत हुई होगी।

पुलिस की जाँच करने वाली टीम का कहना है कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण का खुलासा हो पाएगा, अभी कुछ नहीं का जा सकता है।





## मोटर सायकल पेड़ से टकराई हादसे में चालक की हुई मौत

**कांकेर।** आमाबेड़ा थानांतर्गत फूफगांव के जंगल पास मोटर सायकल के चालक ने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए पेड़ को टक्कर मार दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। राहगीरों ने घायल को उठाया और उसे अस्पताल लेकर गए। अस्पताल पहुंचने से पहले की चालक की मौत हो चुकी थी। आमाबेड़ा पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना में पाया गया कि 15 अगस्त को तुमसनार निवासी 20 वर्षीय बीनेश कुमार गोटा पिता स्व. लच्छीराम गोड़ा मोटर सायकल क्रमांक सीजी 05 डब्लू 5888 में सवार होकर ग्राम आमाबेड़ा राशन सामान लाने जा रहा ▶▶| शेष पेज 10 पर



## जान से मारने की धमकी देने और हल्ला मचाने पर एक आरोपी पर जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

चारामा थानांतर्गत गोलकुम्हड़ा में गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा पीड़ित के घर के बाहर हल्ला करते हुए उसे जान से मारने की धमकी देने लगा। और घर से बाहर निकालने के लिए जोर जोर से आवाज देने लगा। डर की वजह से पीड़ित घर से बाहर नही निकला और चुपचाप आरोपी के बातों को अपने मोबाइल में रिकार्ड कर लिया। अगले दिन गांव में बैठक रखा गया। बैठक में आरोपी को बुलाया गया, लेकिन वह नही आया। भविष्य में किसी प्रकार की अनहोनी न हो इसलिए पीड़ित ने घटना की शिकायत चारामा थाना में किया, जिस पर पुलिस ने मामला पंजीबद्ध किया। थाना में शिकायत करने पहुंचे गोलकुम्हड़ा निवासी ओमप्रकाश साहू पिता शीतलराम साहू ने पुलिस को बताया कि 15 अगस्त की रात लगभग साढ़े 10 बजे गोलकुम्हड़ा निवासी मुन्नालाल साहू पिता दरियाव राम साहू मेरे दरवाजे को ठोकर मारते हुए घर जान से मारने की धमकी देकर चिल्ला रहा था। बार बार हमे घर से बाहर निकलो कहते हुए गाली दे रहा था। आरोपी द्वारा धमकाने और गाली देने की बातों को मैंने अपने मोबाइल से रिकार्डिंग किया हूँ। गांव वाले, सरपंच, पटेल कोटवार, ग्रामीण अध्यक्ष व सभी वरिष्ठ लोगो को घटना के संबंध में जानकारी दी और गांव के बैठक रखा गया। कोटवार के बुलाने पर आरोपी बैठक में उपस्थित नहीं हुआ तथा ग्रामीणों ने मुझे स्वतंत्र रूप से कार्रवाई करने की बात कही। मुझे आशंका है कि ▶▶| शेष पेज 10 पर



### विधायक ने श्रीकृष्ण की शिक्षाओं को जीवन में अपनाने दिया सुझाव

## जन्माष्टमी पर भक्तों में दिखा उत्साह, कीर्तन टोलियों ने किया भजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

ग्राम समिति सरोना के तत्वावधान में गौरा चौक पर भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी समारोह धूमधाम और भक्तिमय माहौल में मनाया गया। शनिवार को भगवान श्रीकृष्ण की मूर्ति की स्थापना कर जाप-कीर्तन टोली के भजनों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन हम सबके लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने प्रेम, धर्म और कर्तव्य पालन का संदेश दिया, जिसे हर किसी को अपने जीवन में उतारना चाहिए। विधायक ने ग्राम समिति की माँग पर शीतला कक्ष में ज्योत कक्ष बनाने के लिए 10 लाख रूपएं देने की घोषणा किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम समिति अध्यक्ष अजय हिरवानी ने किया। विशेष अतिथियों में जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष यशवंत सुरोजिया, ग्राम पटेल मोहन नेताम, सुरेश साहू, सरपंच दीपिका वट्टी, उपसरपंच दिनेश सहारे, वार्ड पंच अनिल गजपाल, कांग्रेस सरोना मंडल अध्यक्ष मुकेश रजक, राजेंद्र कश्यप, संजय गोलछा, चमेली गोलछा, निलेश गोलछा, रामरतन साहू और अशोक निषाद सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति में ग्राम समिति के सदस्यों ने भगवान श्रीकृष्ण की मूर्ति की स्थापना कर पूजा पाठ किया गया। समापन अवसर पर बाजे-गाजे और डांग-डोली के साथ भगवान श्रीकृष्ण एवं राधा की भव्य झांकी निकाली गई। गौ माता को खिचड़ी खिलाई गई। दही हांडी उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें युवाओं ने जोश-उत्साह के साथ भाग लिया। महिलाओं के लिए खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया, जिससे कार्यक्रम में सभी वर्गों की सक्रिय भागीदारी रही। महा आरती में सभी अतिथियों और ग्रामवासियों ▶▶| शेष पेज 10 पर

- ग्राम समिति सरोना के तत्वावधान में गौरा चौक में आयोजन



#### ज्योति कक्ष, टिन शेड की मिली सौगात

इस दौरान ग्राम समिति अध्यक्ष अजय हिरवानी और सरपंच दीपिका वट्टी ने शीतला मंदिर में ज्योति कक्ष के लिए 10 लाख रुपए स्वीकृत करने पर विधायक का आभार जताया। पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष यशवंत सुरोजिया की मांग पर विधायक ने गौरा चौक में टिन शेड निर्माण की घोषणा भी किया।




## खबर संक्षेप

### नगर पालिका कार्यालय में नपा अध्यक्ष ने फहराया झंडा



**कांकेर।** कार्यालय नगर पालिका परिषद में स्वतंत्रता दिवस का पर्व गरिमामयी और हर्षोल्लास से मनाया गया। नगर पालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक के द्वारा झंडा फहराया गया। उन्होंने समस्त शहरवासियों को स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर बधाइयां दीं। झंडा फहराने के दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष उत्तम यादव एवं पार्षदगण उगेश्वरी उइके, चंद्रलोक सिंह ठाकुर, शकुंतला जैन, दीपक शोरी, चित्ररेखा जैन, सलीम मेमन, नरेंद्र साहू, फरीदा खान, अजय सिंह रेनू, सुशीला यादव, मतीन खान, हितेंद्र खटवानी, विकाश कुमार अंभोरे, टिकेन्द्र ठाकुर, मीरा सलाम, ओमप्रकाश देवांगन, कामिनी नेताम, जीतेन्द्र वैध, मंजू सारथी, आनंद चौरसिया, सीएमओ पवन कुमार मेरिया तथा नगर पालिका के समस्त कर्मचारी के साथ ही साथ शहर के विशिष्ट एवं गणमान्य नागरिक मछुआ कल्याण बोर्ड अध्यक्ष भरत मटियारा, डॉ. एससी लालवानी, विष्णु चौरसिया, महिपाल मेहरा, बलराम फव्यानी, पूर्व पार्षद विजयलक्ष्मी कौशिक, केतन व्यास, निर्मल महेश्वरी, धीरज जयसवाल, रमशीला साहू एवं अन्य उपस्थित रहे।

### मटर 200 रुए किलो में बिका, रही भीड़

**जगदलपुर।** बारिश के बावजूद रविवार को साप्ताहिक बाजार में शहरीय के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र के खरीददारों की भीड़ रखी रही। बाजार में मटर पहुंचा, लेकिन रायपुर का मटर शहर के बाजार में 200 रुपए किलो में बिक रहा है। बाजार में टमाटर 40-50, करेला 80, फूलगोभी 100, पत्तागोभी 30, भिंडी 80, आलू 30, प्याज 30, अदरक 180, लहसून 250 रूपए किलो और लालभाजी 20 रूपए में 6 जूड़ी बिक रहा है।

### दही हांडी मटकी फोड़ स्पर्धा का किया गया आयोजन

**जगदलपुर।** विश्व हिन्दू परिषद स्थापना दिवस एवं श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर दही हांडी मटकी फोड़ स्पर्धा का आयोजन ग्राम हाट पदमुर में आयोजित किया गया । जिसमें नानगूर प्रखंड से युवाओं ने उत्साह के साथ सहभागिता निभाई।

# सरस्वती शिशु मंदिर में कृष्ण जन्मोत्सव मना, हुई राधा कृष्ण सजाओ स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भानुप्रतापपुर में कृष्ण जन्मोत्सव का कार्यक्रम बड़े धूमधाम से विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन कर मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रश्मि साहू, कांति ठाकुर एवं रूमा पाल के द्वारा भगवान कृष्ण की छाया चित्र में दीप प्रज्ज्वलित कर पूजा एवं आरती कर कार्यक्रम की शुरूआत किया गया तथा अपने उद्बोधन में भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं एवं चरित्र पर प्रकाश डाला गया।

आयोजित कार्यक्रम में अरुण, उदय, प्रथम एवं द्वितीय के भैया बहन कृष्ण राधा के वेश में शामिल हुए, जिन्होंने बालकृष्ण एवं राधा के विभिन्न कलाओं को प्रदर्शित किया। इस मौके पर राधा कृष्ण सजाओं प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भैया बहनों के लिए दही लूट का कार्यक्रम रखा गया, जिसमें कार्यक्रम प्रभारी सुनीता साहू एवं भावना सिन्हा, बिसंतीन बसेरा की मार्गदर्शन में जन्माष्टमी उत्सव का आयोजन किया गया। बहन चंद्रिका दास ने भगवान कृष्ण की मनमोहक भजन प्रस्तुति दी। इसके अलावा विद्यालय के बहनों द्वारा श्री कृष्ण की बाल लीलाओं पर आधारित मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए, जिन्हें देखकर सभी उपस्थित पालको ने आनंद उठाया तथा प्रशंसा किए। इस अवसर पर पालकों के लिए मटका फोड़ एवं कुर्सी दौड़ का प्रतियोगिता रखा गया, लेकिन लगातार बारिश ने कार्यक्रम में दखल डाला।



### बच्चों में छिपी प्रतिभा को बाहर निकाला जा सकता है

विद्यालय के प्राचार्य थानू राम सिन्हा ने इस अवसर पर सबको हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। भैया बहनों की मनमोहक प्रस्तुति को देखकर उन्होंने बताया कि आज की पीढ़ी को धार्मिक मान्यताओं, प्राचीन परंपराओं एवं नैतिक मूल्यों से जुड़ने के लिए इस प्रकार की गतिविधियों में भैया बहनो को भाग लेने के लिए अवसर प्रदान किए जाते हैं। इस प्रकार की गतिविधि से बच्चों में छिपी प्रतिभा को बाहर निकाला जा सकता है।

### प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कार प्रदान

कृष्ण सजाओ प्रतियोगिता में 43 तथा राधा सजाओ प्रतियोगिता में 40 भैया बहनों ने भाग लिया। राधा सजा प्रतियोगिता में कक्षा प्रथम में प्रथम स्थान छाया शांडिल्य उदय, द्वितीय स्थान मांशिका यदु अरुण, तृतीय स्थान वर्षा उयके, इसी प्रकार कृष्ण सजाओ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान गौरांश यादव उदय, द्वितीय स्थान कृतिक कुमार नेताम व अरुण तृतीय श्रेयांश नाथ दास कक्षा द्वितीय रहे। सभी प्रतिभागियों को विद्यालय की ओर से सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। धार्मिक उत्सव श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य दीदीयां उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय पर्व : देशभक्ति के नारों व गीतों से गूंजता रहा प्रांगण

# भानुप्रतापपुर में हर्षोल्लास के साथ तिरंगा फहराया, छात्र- छात्राओं ने दी प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शुक्रवार को 79 वां स्वतंत्रता दिवस बड़े उत्साह और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। प्रातः साढ़े सात बजे महाविद्यालय प्रांगण में प्राचार्य डॉ. रश्मि सिंह ने ध्वजारोहण कर सलामी ली। राष्ट्रीय ध्वज फहराते ही पूरा परिसर देशभक्ति के नारों और गीतों से गूंज उठा। इस अवसर पर जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष रत्नेश सिंह तथा महाविद्यालय परिवार द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को नमन करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की गई।





प्राचार्य डॉ. रश्मि सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमें यह आज़ादी यूं ही नहीं मिली है, बल्कि हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के अथक प्रयास और बलिदानों के कारण हम आज खुले आसमान में सांस ले पा रहे हैं। उनका आदर्श हमें सदैव प्रेरित करता रहेगा। वहीं जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष रत्नेश सिंह ने विद्यार्थियों और उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनके बलिदान को स्मरण करते हुए हमें राष्ट्र के विकास में योगदान देना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। समारोह में विद्यार्थियों ने भावपूर्ण देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी, जिसने उपस्थित सभी लोगों को भाव-विभोर कर दिया। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी चेतन कुमार श्रीवास ने किया। इस मौके पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, अधिकारी-कर्मचारी, विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### पीएमश्री विद्यालय में धूमधाम से मनाया 79 वां स्वतंत्रता दिवस

**भानुप्रतापपुर।** पीएमश्री स्वामी आत्मानंद विद्यालय भानुप्रतापपुर में हर्षोल्लास के साथ 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। आतिथियों का स्वागत एनसीसी के छात्र-छात्राओं ने मार्च पास्ट के साथ ध्वज स्थल तक अतिथियों को सःसम्मान लेकर आए। शहीद वीर जवानों, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और भारत माता के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के पश्चात मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर एवं नरोत्तम सिंह चौहान के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। आयोजित कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर आशीष वचन के माध्यम से सभी को संबोधित किया। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन प्राचार्य पीआर भारद्वाज ने किया एवं कार्यक्रम का सफल संचालन विनायक के द्वारा किया गया। छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। नारियल फेक प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि निखिल राठौर प्रथम स्थान पर रहे। महिला पालक एवं विद्यालय की महिला शिक्षिकाओं के बीच रस्साकसी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विद्यालय के महिला शिक्षकों ने बाजी मारी। मटका फोड़ प्रतियोगिता में बालक माध्यमिक शाला से शिक्षिका शतरूपा पुजारी विजयी रहीं। समस्त पालकों एवं छात्र-छात्राओं को मिष्ठान वितरण के साथ वरिष्ठ शिक्षक एमके टांडिया द्वारा कार्यक्रम के समापन की घोषणा की गई। कार्यक्रम में नगर पंचायत उपाध्यक्ष गजानन दड़सेना, पूर्व युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष समाजसेवी सचिन दुबे, पार्षद सुमित्रा साहू, समिति के सदस्यगण संगीता डांडिया, सीता चंद्राकर, शिव शंकर बिहारी, विवेक देवांगन कृष्ण निषाद आदि उपस्थित रहे।

### मावलीपारा में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया



**बासनवाही।** ग्राम पंचायत मावलीपारा प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला, शाउमा विद्यालय तथा आंगनबाड़ी केंद्रों में 79वां स्वतंत्रता दिवस बड़ी ही धूमधाम और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। कार्यक्रम में ग्राम के विशिष्ट अतिथि, माताएं-बहनें, स्कूली बच्चे और ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर गांव के नए प्रतिनिधि मंडल ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। ग्राम सरपंच सियाराम कोसमा ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देश के वीर शहीदों को नमन करते हुए उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में राष्ट्रगान, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, देशभक्ति गीत और भाषणों ने पूरे वातावरण को देशप्रेम के रंग में रंग दिया। अंत में सभी ने तिरंगे की शान और देश की एकता-अखंडता को बनाए

### यूथ क्लब ने मुख्य चौक पर मनाया आजादी का पर्व



**भानुप्रतापपुर।** शहर के मुख्य चौक में यूथ क्लब द्वारा स्वतंत्रता दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें नगर पंचायत की सफाई कर्मी दीदियों द्वारा विशाल ध्वजारोहण करवाया गया। कार्यक्रम की सबसे अनोखी बात यह देखने को मिली कि पूरे नगर की सफाई का जिम्मा उठाने वाली माताओं एवं दीदियों से ध्वजारोहण करवाया गया। राष्ट्रगान के तुरंत बाद बाइक रैली भी निकाली गई जो पूरे शहर का भ्रमण कर संबलपुर तक का सफर भी तय करके आई। बाइक रैली में देशभक्तों ने भारत के झंडों को हाथ में लेकर भारत माता की जय तथा वन्दे मातरम के नारे लगाए।

### पैराडाइज स्कूल में स्वतंत्रता दिवस, हुए विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम



**कांकेर।** पैराडाइज हायर सेकेण्डरी स्कूल में आजादी के 79 वीं वर्षगांठ स्वतंत्रता दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। ध्वजारोहण सेवा सेवानिवृत जिला शिक्षा अधिकारी एवं शिक्षाविद टीआर साहू, राजकुमार फब्यानी एवं विजय लखवानी द्वारा एवं प्राचार्य रश्मि रजक, पालकगण एवं शिक्षकों छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में किया गया। आजादी के 79 वीं वर्षगांठ एवं 15 अगस्त के इस अवसर पर प्राचार्य रश्मि रजक द्वारा प्रेरणादायक भाषण प्रस्तुत किया गया, जिसमें देश के वीर शहीदों को स्मरण करते हुए हमें भी देश की एकता, अखण्डता को बनाये रखने में, देश के विकास में ईमानदारी से अपनी सहभागिता निभाने का संदेश दिया। स्वतंत्रता दिवस के पूर्व दिवस पर कक्षा नर्सरी से कक्षा दूसरी तक के छात्र-छात्राओं के लिए देशभक्ति गीत पर डास एवं सांस्कृति कार्यक्रम तथा बच्चों के द्वारा स्वतंत्रता सेनानी एवं देश की रक्षा करने वाले वीर सैनिकों के वेशभूषा में देश प्रेम के प्रति अपना निष्ठा की भावना को व्यक्त किया। स्वतंत्रता दिवस पर स्कूल के प्राइमरी कक्षा के छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न देशभक्ति गीतों पर डास, भाषण, देशभक्ति के नारे एवं विभिन्न स्वतंत्रता सेनानी महात्मा गंधी, जवाहरलाल नेहरू, भगत सिंह, सुभाष चंद्र बोस, झांसी की रानी, मंगल पांडे, मौलाना आजाद, इंदिरा गांधी, सरोजिनी नायडू, भारत माता तथा देश की सेवा करने वाले वीर जवानों के वेशभूषा में देश को आजादी दिलाने वाले हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग एवं बलिदान को नमन किया तथा देश रक्षक हमारे वीर जवानों को सम्मान प्रकट किये। विविध कार्यक्रम का आयोजन करने में प्रभारी प्राचार्य श्रेष्ठा चंदा, एकेडमिक हेड सुनील कुमार पंडा के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ शिक्षक प्रीति झा, रूबी खान, पवित्र बराई, आदि शिक्षकों का योगदान रहा।

# आजादी दिलाने कई क्रांतिकारियों ने लड़ी लड़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

विकासखंड दुर्गुकोंदल के समस्त शासकीय अर्धशासकीय संस्थानों के स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर झंडा फहराया गया। विकासखंड के जनपद क्षेत्र लोहत्तर के ग्राम पंचायत लोहत्तर, जाड़ेकुर्से, परभेली, दमकसा और सिवनी में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जनपद सदस्य विकास राजू नायक ने कहा यह दिन उन स्वतंत्रता संग्राम



सेनानियों, वीरसपूतों और नेताओं के बलिदान को याद करने का भी है, जिन्होंने भारत को स्वतंत्र राष्ट्र बनाने के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी। स्वतंत्रता दिवस हमें आजादी और लोकतंत्र की भावना को कायम रखने और प्रत्येक भारतीय के दिल और दिमाग में देशभक्ति का उत्साह जगाने का अवसर प्रदान करता है। इस साल का स्वतंत्रता दिवस समारोह विकसित भारत के सरकार के दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। ब्रिटिश राज में देश की जनता पर काफी अत्याचार किए गए। ब्रिटिश हुकूमत के जुल्मों से देश की जनता को छुटकारा दिलाने के लिए सैंकड़ों स्वतंत्रता सेनानियों ने अपने प्राणों की आहूति दे दी। भारतीय संविधान में लिखीं बातों का पालन करें, यही देश का सम्मान है। इस वर्ष भारत सरकार विकसित भारत थीम के तहत स्वतंत्रता दिवस मना रही है। आइए हम सब मिलकर भारत को आशा और अवसरों का देश बनाने के लिए काम करें। हमारा तिरंगा सदैव शान और शान से लहराता रहे।

ग्राम पंचायत दुर्गुकोंदल में 79 वाँ



स्वतंत्रता दिवस धूमधाम के साथ मनाया दुर्गूकोंदल। ग्राम पंचायत दुर्गुकोदल में 79 वाँ स्वतंत्रता दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया । कार्यक्रम की शुरुआत तिरंगा फहराने और राष्ट्रगान गाने से हुई। पूरे गांव में एक खास देशभक्ति का माहौल बना रहा। बच्चों ने प्रभात फेरी निकाली, जिसमें उन्होंने भारत माता की जय और वंदे मातरम जैसे जोशीले नारे लगाए। ग्राम पंचायत सरपंच शकुंतला नरेटी और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर भाषण दिया और सभी को एकता और विकास के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उपसरपंच तामेश्वरी जैन, ग्राम पटेल लालजी दुग्गा, रोजगार सहायक चित्ररेखा टाडिया, वार्ड पंच फुलकुवर दुर्गे, उतरा वारे, संजय उसेंडी, सतीश मंडावी, कविता, ओम दुग्गा, सोमारू नेताम, मंजू दुग्गा, सरोज दुग्गा, करिश्मा दुग्गा, अश्वंतीन मंडावी, कृष्णा दुग्गा, नरेंद्र जैन, मंगिया यादव, महेन्द्र हिड़को,मुक्ति कौशिक, श्रवण दुग्गा, केश कुमार एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

**सरस्वती शिशु मंदिर में बच्चो में दिखा उत्साह-** दुर्गूकोंदल। सरस्वती शिशु मंदिर दुर्गूकोदल में 79 स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। स्वतंत्रता दिवस की इस पावन अवसर पर विद्यालय के नन्हे -मुन्ने भैया बहनों ने भारतीय संस्कृति से ओत -प्रोत गीत को सुनिश्चित कर नृत्य प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मां पल्लमारी शिक्षा समिति के अध्यक्ष श्याम लाल दुग्गा, विशेष अतिथि सेवालाल चिराम, उमेन्द ठाकुर एवं मीना गावडे रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं सभी आचार्य दीदीयो का सहयोग रहा।

**महेंद्रपुर में देशभक्ति के माहौल में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस-** दुर्गुकोंदल। ग्राम महेंद्रपुर में 79 वें स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्षोउलास और देशभक्ति माहौल में मनाया गया। माध्यमिक और प्राथमिक शाला के बच्चें और शिक्षकों ने गांव में प्रभात फेरी निकाली। इसके बाद राष्ट्रीय ध्वज फहराया और राष्ट्रगान गाकर तिरंगे को सलामी दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच बलराम टेपरिया, उप सरपंच तिजनबाई गावड़े रहे। बच्चों ने देशभक्ति गीत कविताएं और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने बच्चों को स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान और आजादी के महत्व के बारे में बताया और साथ ही बच्चों को प्रेरित किया गया कि वे अपने देश के विकास और प्रगति में योगदान दें। स्कूल के शिक्षक और पालक भी इस आयोजन में शामिल हुए और बच्चों का उत्साहवर्धन किया। भारत माता की जय और जय हिंद के नारों से पूरा माहौल गूंज उठा और यह दिन हर किसी के लिए यादगार बन गया। इस मौके पर शिक्षक देवाराम कोठारे, देवीलाल मंडावी, सुखूराम नेताम, सुमित्रा कोठारे, तीजेश्वरी दरेंद्र, पंचम नरेटी, विष्णु जैन, रतिराम जैन, जगेश्वर जैन, चंद्रशेखर सलाम, रमसू नरेटी, छत्तरसिंह नरेटी व ग्रामीण उपस्थित रहे।

**बोगर में बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस-** दुर्गुकोंदल। प्राथमिक शाला ग्राम बोगर में स्वतंत्रता दिवस बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत तिरंगा फहराने और राष्ट्रगान गाने से हुई एवं पूरे गांव में एक खास देशभक्ति का माहौल बना रहा। बच्चों ने प्रभात फेरी निकाली, जिसमें उन्होंने भारत माता की जय और वंदे मातरम जैसे जोशीले नारे लगाए। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें बच्चों ने देशभक्ति गीत गाए, नृत्य किया और स्वतंत्रता सेनानियों पर आधारित नाटक प्रस्तुत किए। ग्राम प्रधान और अन्य व्यक्तियों ने स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर भाषण दिया और सभी को एकता और विकास के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में सभी को मिठाई बांटी गई, और पूरे गांव ने इस दिन को खुशी और गर्व के साथ मनाया। इस अवसर पर सरपंच दुलेश्वरी गौर, उपसरपंच रुद्रप्रताप निषाद, पूर्व सरपंच ज्ञानसिंह गौर, भीखम, गोमती, कनेश, रेखा, फिरबाइ, मेहतर, खोराबरू, उमेद खड़हे, नेताम, भेड़िया, कीर्तन, कुसुमलता, ठाकुर एवं अन्य उपस्थित रहे।

**वयनर में हर्ष उल्लास के साथ मनाया 79 वां स्वतंत्रता दिवस -** दुर्गुकोंदल। 79वें स्वतंत्रता दिवस पर्व पर ग्राम मंच वयनर में हर्ष उल्लास के साथ ध्वजारोहन किया गया। इस अवसर पर आजादी के महानायकों को याद किया गया। इस अवसर पर सहभागी समाज सेवी संस्था के द्वारा संचालित हाई इंपैक्ट मेघा वाटर शेड एवं वन अधिकार अधिनियम 2006 परियोजन के कार्यकर्ता नवीन रजक, राकेश साहू, समूला टोप्पा, राधा यादव, बालकिशन कौमार्य, उमा बोगा ग्राम मंच के संस्थापक राम प्रसाद, अर्जुन मानकर, पुसऊ दुग्गा, सरादू कोमरा, फत्ते सिंह नेताम आदि शामिल रहे।

**हाटकोंदल में धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस -** दुर्गुकोंदल। शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला हाटकोंदल में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रभात रैली और ग्राम भ्रमण के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता और छत्तीसगढ़ महतारी की छायाचित्र पूजा अर्चना से हुई। इसके बाद झंडा फहराकर राष्ट्रगान गाया गया। ग्राम पंचायत सरपंच हरीशा मंडावी के द्वारा झंडा फहराया गया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि मैं हमेशा हाटकोंदल स्कूल के प्रति समर्पित रहूंगी और सभी का आभार व्यक्त किया।

# अटल की पुण्यतिथि पर भाजपा ने याद किया व दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

भारतीय जनता पार्टी मंडल भानुप्रतापपुर के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ राज्य निर्माता एवं भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।नगर पंचायत अध्यक्ष श्री निखिल सिंह राठौर ने कहा अटल बिहारी वाजपेयी ने देश ही नहीं, छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों के निर्माण में भी अपनी निर्णायक भूमिका निभाई। हम सब छत्तीसगढ़ वासी उनके हमेशा आभारी रहेंगे, हम उनके योगदान को कभी भुला नहीं सकते। मंडल अध्यक्ष डिगेश खापर्डे ने कहा अटल बिहारी वाजपेयी का जीवन हम सबके लिए आदर्श है। उन्होंने राजनीति को सेवा का माध्यम बनाया और सच्चे अर्थों में जननायक बनकर देश की सेवा की। वरिष्ठ भाजपा नेता हेमप्रकाश शिवहरे ने कहा अटल बिहारी वाजपेयी की वाणी में ओज और काव्य दोनों का संगम था। उनकी कविताएँ आज भी हम सभी को राष्ट्र के प्रति कर्तव्य भावना जगाने का कार्य करती हैं। कार्यक्रम का समापन एवं आभार पूर्व मंडल उपाध्यक्ष अरविंद जैन ने किया। इस अवसर पर मंडल महामंत्री गिरधारी नरेटी, वरिष्ठ कार्यकर्ता हेम प्रकाश शिवहरे, अभय पांडे, रमेश तिवारी, राजिंदर रंधावा, शकुंतला यादव, संगीता टांडिया, जितेंद्र पांडे, राजेंद्र जैन, सचिन दुबे, नरेंद्र शर्मा, संकेत नसीनें, संतोष साहू संदीप ठाकुर ,बंटी सचदेव सहित जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# दुर्गूकोंदल में 79वें स्वतंत्रता दिवस का ऐतिहासिक उत्सव

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड ने आजादी के 79 वर्ष पूरे होने पर अभूतपूर्व जोश और एकता का प्रदर्शन किया। विकासखंड मुख्यालय से लेकर ग्राम पंचायत खुटगांव, सिहारी व कर्रामाड तक हर कोना तीरंगे की रंग में सराबोर रहा। एक दिन पूर्व ही शासकीय कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों व ग्राम पंचायतों में तैयारियां पूर्ण हो चुकी थी। दुर्गूकोदल मुख्यालय में जनपद पंचायत, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बीएसएफ कैंप, तहसील तथा सभी प्रमुख संस्थानों ने मुख्य ध्वजारोहण में भाग लिया।

यह अंचल स्वतंत्रता आंदोलन में छत्तीसगढ़ की अग्रणी भूमिका का साक्षी रहा है। आज का यह जश्न न केवल अतीत का सम्मान है, बल्कि उन क्षेत्रवासियों के वीरों को श्रद्धांजलि भी है जिन्होंने भूमकाल आंदोलन में ब्रिटिश सत्ता को चुनौती दी थी। शाउमावि, एकलव्य आवासीय विद्यालय, आत्मानंद स्कूल व एएचबी पब्लिक स्कूल में देशभक्ति नृत्य, नाटक व भाषण प्रतियोगिताएँ आयोजित हुई। बैजनाथ नरेटी प्राचार्य एकलव्य आवासीय विद्यालय ने कहा कि हमारे विद्यार्थियों ने भारत माता की जय के नारों से पूरे नगर को गुंजायमान कर दिया। वर्तमान में युवा पीढ़ी को स्वतंत्रता के मूल्यों से जोड़ना ही सच्ची देशभक्ति है। ग्राम पंचायतों खुटगांव, सिहारी व कर्रामाड में आंगनवाड़ी केंद्रों व स्थानीय संगठनों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। रज लाल आंचला सरपंच ग्राम पंचायत कर्रामाड ने भावुक होकर कहा आज के दिन हमारे क्षेत्र की महिलाएँ पारंपरिक गीतों के माध्यम से शहीदों को याद करती हैं। यह उत्सव हमें याद दिलाता है कि स्वतंत्रता सिर्फ नगर, शहरों की नहीं, अपितु यह हर नागरिक की धरोहर है। दुर्गुकोंदल में व्यापारी कल्याण संघ के द्वारा मेंन चौक में ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान व्यापारी कल्याण संघ के पदाधिकारी विनोद पारख, गेदलाल लावत्रे, ओम दुग्गा सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।



## पेज 9 के शेष

### प्राथमिक शाला....

करना चाहिए। इस घटना की जानकारी गाँव के लोगों ने भी किसी जिम्मेदार तक नहीं दिया। इसकी जानकारी सरपंच को भी नहीं थी। सरपंच से इस मामले में जानकारी लेने के लिए संपर्क किया गया, परंतु संपर्क नहीं हो पाया। जाँच के बाद ही पता चलेगा कि विभाग प्रमुख ने जिम्मेदार पर किस तरह की कार्रवाई किया है।

### मोटर सायकल पेड़...

था। चालक बीनेश कुमार ने मोटर सायकल की बाइक पुफगांव जंगल के पास चार पेड़ में ठोकर मार दिया। ठोकर लगने से मोटर सायकल चालक बीनेश कुमार गोटा के सिर, नाक, मुह में गंभीर चोट आया व खून निकलने लगा। राहगीरों की मदद से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र आमाबेड़ा में लेकर गए। अस्पताल में उपस्थित चिकित्सकों ने उसकी मौत होने की पुष्टि की। वाहन क्रमांकर सीजी 05 डब्लू 5888 के चालक बीनेश कुमार गोटा द्वारा तेजी व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने से आई गंभीर चोट के कारण मौत होने पर पुलिस ने धारा 106 (ए)बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### जान से मारने...

मेरे परिवार को उनके द्वारा एवं उनके परिवार के द्वारा किसी भी प्रकार का कूटरचित कर फंसा सकते है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी मुन्नालाल साहू के खिलाफ धारा 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### जन्माष्टमी पर भक्तों...

ने भाग लिया। खेलकूद और दही हांडी प्रतियोगिता की विजेता टीमों को पुरस्कृत किया गया। आयोजन स्थल पर देर रात तक श्रद्धा और उत्साह का वातावरण बना रहा।

## खबर संक्षेप

### रोटरी क्लब ने धुरगुड़ा विद्यालय में स्थापित किए बच्चों के लिए झूले



**जगदलपुर।** रोटरी क्लब ने 79 वां स्वतंत्रता दिवस अनोखे तरीके से मनाया। इस अवसर पर रोटरी क्लब जगदलपुर ने बच्चों के लिए आकर्षक झूले बनवाए और उन्हें धुरगुड़ा प्राथमिक विद्यालय में स्थापित किया। उद्यान का नाम पुष्पी वाटिका रखा गया जो स्व. पुष्पी अग्रवाल की स्मृति में बनाया गया है । इसके साथ 50 फलदार पौधों का पौधारोपण किया, बच्चों को मिठाइयां एवं तोहफे दिए। इस कार्यक्रम में रोटरी अध्यक्ष राहुल जैन, सचिव अमरदीप सोढ़ी, अर्चना जैन, कमल सेठी, सौरभ अरोड़ा, कुलजीत सिंह, निखिल दीवान, मनोज थॉमस,अंकित अग्रवाल, मोहित गोंदी,अयाज चामड़िया, संजय बथवाल,प्रकाश चावड़ा, विवेक जैन, सुनील जैन,नितेश चौहान, संदीप पारेख,मनिहार मद्दी, आसिफ खान, विवेक सोनी एवं रोटरी सदस्य उपस्थित रहे। ये जानकारी क्लब के मीडिया प्रभारी संग्राम सिंह राणा ने दी।

### अमर वाटिका में पुष्प चक्र अर्पित कर शहीदों को नमन



**जगदलपुर।** केन्द्रीय आवास एवं शहरी कार्य राज्यमंत्री तोखन साहू ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अमर वाटिका परिसर पहुंचकर अमर जवान स्मारक में पुष्प चक्र अर्पित कर शहीदों को नमन किया। इसके उपरांत शहीदों की नाम पट्टिका का अवलोकन कर पुष्प अर्पित की।

### शहीद स्मारक में केन्द्रीय राज्य मंत्री ने दी श्रद्धांजलि



**जगदलपुर।** केन्द्रीय आवास एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शहीद स्मारक पहुंचकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा एवं अमर शहीदों को माल्यार्पण किया।

### निधन

#### रीना सिंह



**जगदलपुर।** शहर निवासी रीना सिंह पति दिलीप सिंह पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी सुकमा का 16 अगस्त मे स्वर्गवास हो गया। वे अपने पीछे एक पुत्र एवं एक पुत्री सहित भरापुरा परिवार छोड़ गई। वें सुकमा में विगत 25 वर्षों से शिक्षा विभाग में विभिन्न पदों पर कार्यरत रही। रविवार को खड़कघाट स्थित मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम यात्रा में परिजन समेत शहर के व्यक्ति सम्मलित हुए।

# आप ने निकाली शहर में तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



स्वतंत्रता पर आम आदमी पार्टी द्वारा शहीद स्मारक से भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और आम नागरिक शामिल हुए, जिन्होंने देशभक्ति के गीतों और नारों के साथ स्वतंत्रता दिवस की खुशियां मनाईं।

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता समीर खान ने कहा कि तिरंगा देश के हर नागरिक के भीतर देश प्रेम और ईमानदारी की भावना जगाने का प्रतीक है। उन्होंने शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि देश को आज़ादी दिलाने में जिन वीर सपूतों ने अपने प्राण न्यौछावर किए,उन्हें हमेशा याद रखा जाएगा। कार्यक्रम में उपस्थित नेताओं और कार्यकर्ताओं ने देशभक्ति के नारों के साथ यात्रा का समापन किया और एकता, भाईचारे एवं राष्ट्र निर्माण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में शुभम सिंग, आरती पटनायक,राकेश कश्यप, ईस्वर,रामलाल, सोनू, मुकेस सुकू, आरिब खान,नुरेन, शिवलाल कश्यप,मोहन यादव मौजूद थे।

# मिलन संघ में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास मना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



स्वाधीनता दिवस को मानने मिलन संघ के सदस्य बड़ी संख्या में मिलन संघ के वरिष्ठ सदस्य वासु देव हालदार, अध्यक्ष सुब्रतो विश्वास ने ध्वजारोहण कर स्वतंत्रता दिवस मनाया। संघ अध्यक्ष ने कहा देश को आवाज करवाने जिन महात्माओं ने अपनी कुर्बानी दी उन सभी को हम नमन करते है। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष श्याम घोष गोविंद भट्टाचार्य,सचिव अमित दास,कोषाध्यक्ष चेतन दास,चंदन चक्रवर्ती,मणिलाल सरकार,राज घोष,संजय सरकार ,संजय जाना,महेश चक्रवर्ती,गोविंद नाथ,राज कुमार विश्वास,राम नाथ,प्रवीर पाल,हरी सिंह पाल,रघु सिंह ठाकुर,लक्ष्मी दास,शेखर दास,पार्वती मालाकार,दीपाली डे,मीरा नाथ,दीपा हालदार,माया हालदार,रेनू बाला सरकार,पुतुल नाथ सहित ओरणा कालोनी प्राथमिक शाला के बच्चे प्रधान अध्यापिका सहित अन्य अनेक लोग उपस्थित रहे। अंत में सभी को मिष्ठान वितरण किया गया।

## ध्वजारोहण कर शहीद एएसपी को दी गई श्रद्धांजलि

# गमगीन हुआ कोंटा थाना परिवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोंटा



प्रति वर्ष की भांति कोंटा विकासखंड मुख्यालय में 79वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ । थाना परिसर में पुलिस अनुविभाग अधिकारी रजत नाग ने ध्वजारोहण किया। तत्पश्चात थाना प्रभारी सलीम काका एवं भाजपा नेता सोयम मुका पी विजय मोहम्मद शम्मी थाना परिवार के साथ शहीद एएसपी आकाश राव गिरपूंजे और अन्य जवानों के छायाचित्रों पर माल्यार्पण पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि थाना परिसर में दी गई । यह वह क्षण था थाना परिवार एक बार फिर गमगीन हुआ । वहीं स्वतंत्रता दिवस के इस अवसर पर गांधी चौक से लेकर अंबेडकर चौक तक सभी विभागीय कार्यालयों में तथा शैक्षणिक संस्थाओं में ध्वजारोहण प्रभात फेरी के साथ स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नगर के अंतिम वार्ड पुरानी बस्ती स्थित गांधी चौक में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रतिमा पर माल्यार्पण पुष्प अर्पित कर नगर के वरिष्ठ नागरिक मुस्लिम समाज के नायाब सदर उस्मान अली नूर ने ध्वजारोहण की। तो वहीं जय स्तंभ चौक में पूर्व जिपं उपाध्यक्ष कांग्रेस नेता बोड्डु राजा ने उप वन मंडल कार्यालय में एसडीओ अशोक सोनवानी नगर पंचायत कार्यालय में अध्यक्ष मौसम जया झम्मन लाल साहू सीएमओ तथा नगर के मुख्य अटल चौक स्थित स्व बलिराम कश्यप प्रतिमा एवं बस स्टैंड परिसर पर स्थित भारत माता प्रतिमा पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुभाष चतुवेर्दी ने ध्वजारोहण किया पीएम श्री आत्मानंद स्कूल में संस्था प्रमुख ने स्व राजीव गांधी मंच में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुधीर पांडेय ने ध्वजारोहण किया। खंड शिक्षा कार्यालय में बीईओ श्रीनिवास राव ने तो वहीं विकास खंड स्त्रोत



समन्वयक कार्यालय में वीरभद्र राव अंजुमन इस्लामिया कमेटी के मदरसे में वरिष्ठ नागरिक शेख मुनीर ने ध्वजारोहण किया। अंबेडकर चौक में भाजपा के वरिष्ठ नागरिक जेट्टी रामाराव एम राजबाबू जिला उपाध्यक्ष जी साई रेड्डी जनपद पंचायत कार्यालय में कुसुमलता कवासी, उपाध्यक्ष माड़वी हिड़मा, प्रभारी सीईओ गिरिश निंबलकर के साथ ध्वजारोहण किया। सभी शैक्षणिक संस्थाओं में संस्था प्रमुखों द्वारा ध्वजारोहण किया गया।

### एसडीएम ने दिलाई शपथ

कोंटा विकासखंड के नगर मुख्यालय में सभी आश्रम छात्रावास स्कूलों व विभागीय कार्यालयों में झंडा फहराए जाने के बाद प्रति वर्ष की भांति एसडीएम व तहसील कार्यालय में नव पदस्थ एसडीएम सुभाष शुक्ला ने ध्वजारोहण कर स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। और नशा मुक्त अभियान के तहत नशा मुक्त का शपथ करवाया । इस अवसर पर नगर के वरिष्ठ नागरिक राजनितिक दलों के नेता सहित सभी संस्थाओं के छात्र छात्राएं व शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद थे।

# शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में मना आजादी का पर्व



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में आजादी का 79वां पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ध्वजारोहण के बाद कुलपति प्रो मनोज कुमार श्रीवास्तव ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि हमारे महापुरूषों ने अपार साहस,सर्वस्व त्याग और अहिंसा रूपी हथियारों के बल पर देश को स्वतंत्र कराया।

प्रो श्रीवास्तव ने उपनिषद के दृष्टांतों का जिक्र करते हुए बताया कि आज के विश्वविद्यालय प्राचीन गुरूकुल के ही नए स्वरूप हैं। आज की तरह प्राचीन गुरूकुल में भी अधिक से अधिक विद्यार्थी होने, प्रतिभासम्पन्न विद्यार्थियों के प्रवेश लेने और विभिन्न क्षेत्र के विद्यार्थियों के प्रवेश पाने की अपेक्षा की जाती थी। विद्यार्थियों को अपने चित्त पर नियंत्रित होने की बात कही जाती थी। हमारे प्राचीन ऋषि-मुनि, गुरू और विद्वान कई विषयों के ज्ञाता होते थे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति हमारे डीएनए में है। हमें विश्व गुरू और भारतीय होने के लिए गर्व किए जाने वाले विषयों को जानना चाहिए।

इस अवसर पर अपने शुभकामना संदेश में कुलसचिव डॉ. राजेश लालवानी ने कहा कि विद्यार्थियों को विवि रूपी मंच का बेहतर उपयोग करना चाहिए। विद्यार्थी न केवल स्वाबलंबी बनें बल्कि वे वैश्विक स्पर्धा के अनुरूप बनने का प्रयास करें। हम सभी को अपना जॉब ड्यूटी की तरह नहीं बल्कि एक कर्तव्य की तरह करना चाहिए। इस अवसर पर विवि के वरिष्ठ प्राध्यापक, अधिकारी-कर्मचारी और विद्यार्थी उपस्थित थे। बीएड सहित अन्य कक्षा के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

# एनएमडीसी बचेली ने डीएवी स्कूल में मनाया स्वतंत्रता दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



एनएमडीसी बचेली ने डी ए वी स्कूल प्रांगण में राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस बड़ी धूम-धाम से मनाया। मुख्य अतिथि परियोजना प्रमुख श्रीधर कोडाली, मुख्य महाप्रबंधक, एनएमडीसी बचेली थे। उनके अतिरिक्त जी घोरई, महाप्रबंधक (यांत्रिकी), महेश एस नायर, महाप्रबंधक (मानव संसाधन), जे सी दास, महाप्रबंधक (यांत्रिकी), अजय द्विवेदी, महाप्रबंधक (वित्त), धरमराज, महाप्रबंधक (खनन), सीआईएसएफ सीनियर कमांडेंट आशीष कुमार, के पी बनसोड, उप महाप्रबंधक (सिविल), सौरभ कुमार, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) एवं बीआईओएम, बचेली कॉम्प्लेक्स के विभिन्न विभागाध्यक्षगण तथा श्रमिक संघों के पदाधिकारीगण इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण कर किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि ने स्वतंत्रता दिवस की बधाई अपने उद्बोधन में दी। श्रीधर कोडाली ने अपने संबोधन में स्वतंत्रता के महत्व को रेखांकित करते हुए वीर बलिदानियों के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। उन्होंने एनएमडीसी बचेली की श्रेष्ठ उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला और सीएसआर के अंतर्गत किए जा रहे विभिन्न कार्यों का उल्लेख किया।

कार्यक्रम की आगे की कड़ी में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ जिसमें बचेली परियोजना स्थित विद्यालयों के बच्चों, तेजस्विनी महिला समिति द्वारा संचालित प्रौढ़ शिक्षा के सदस्यों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। तत्पश्चात पुरस्कार वितरण का आयोजन किया गया।

# 231 बटालियन में हर्षोउल्लाष से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम



सुनील भवर कमाण्डेंट के नेतृत्व में 231बटालियन द्वारा 79वां स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन जावंगा में किया गया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सुनील भवर कमाण्डेन्ट द्वारा वाहिनी क्वार्टर गार्ड पर राष्ट्रीय ध्वजारोहण समारोह किया गया व अपना संक्षिप्त संबोधन दिया गया जिसमें जवानों से देश की एकता व समृद्धि में अपना शत-प्रतिशत योगदान देने का आह्वान किया। समारोह में सौरभ राय द्वि कमा अधिकारी, डॉ सुबर्ता मण्डल मुख्य चिकित्सा अधिकारी, संजय कुमार पुनिया उप कमा, प्रताप कुमार बेहेरा उप कमा, डॉ रवि प्रकाश सुनकर वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी एवं बड़ी संख्या में जवान उपस्थित रहे।

## शिवमंदिर में महिला मंडली ने किया भजन-कीर्तन...



**जगदलपुर।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर पुराना हाऊसिंग बोर्ड कालोनी के शिवमंदिर में कालोनी निवासी महिला मंडली ने शनिवार की रात को भजन-कीर्तन किया।

# शैक्षणिक संस्थानों में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास मना

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम



संकुल केंद्र कारली अंतर्गत सभी शैक्षणिक संस्थानों में 79वां स्वतंत्रता दिवस बड़े ही हर्षोल्लास और गौरवपूर्ण वातावरण में मनाया गया। तिरंगा फहरते ही राष्ट्रगान की गूंज से पूरा वातावरण देशभक्ति के रंग में रंग गया। प्रभात ध्वजारोहण के पश्चात विद्यार्थियों द्वारा निकाली गई प्रभात फेरी में देशभक्ति के गीतों और नारों से गलियां गूंज उठीं। विद्यालय प्रांगण में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बच्चों ने भाषण, कविता, गीत एवं नृत्य प्रस्तुत कर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान को याद किया। बच्चों की प्रस्तुति ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर साक्षरता परीक्षा में सम्मिलित हुए असाक्षरों को साक्षरता प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यालयों में सामूहिक नेवता भोज का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों के साथ अतिथियों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों एवं ग्रामवासियों ने भी सहभागी होकर स्वतंत्रता दिवस के उल्लास को साझा किया। यह भोज केवल भोजन का नहीं, बल्कि परस्पर सहयोग और सामाजिक समरसता का प्रतीक रहा। इस अवसर पर ग्राम पंचायत कारली, बड़ेकरली झाड़ियांबाडम के सरपंच, कारली जनपद क्षेत्र की जनपद सदस्य, खण्ड शिक्षा अधिकारी गीदम, प्राचार्य संकुल समन्वयक स्थानीय जनप्रतिनिधि, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं सदस्य, शिक्षकगण और सैकड़ों की संख्या में विद्यार्थी एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# विद्यालय में धूमधाम से मना स्वतंत्रता दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭ घाटलोहंगा

विकासखंड बस्तर के अंतर्गत ग्राम पंचायत घाटलोहंगा में संचालित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं बालक छात्रावास में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। हाई स्कूल के प्राचार्य जनप्रतिनिधियों के उपस्थिति में ग्राम सरपंच दिया भद्रे ने विद्यालय प्रांगण में ध्वजारोहण कर समारोह का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में नृत्य, गीत और भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। इसी बीच मंच संचालक ने एक भावपूर्ण पंक्ति प्रस्तुत की, जिसे उपस्थित जनों ने जोरदार तालियों से सराहा। सिर्फ तिरंगा लहरा देने से देशभक्ति या आज़ादी नहीं, जब तक हर गरीब का पेट न भरे और हर आदमी के हाथ में काम न मिले, तब तक आज़ादी अधूरी है।

प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने मनमोहक नृत्य, गीत और भाषण प्रस्तुत किए। इसके पश्चात ग्राम के वरिष्ठ नागरिकों, पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों की उपस्थिति में छात्र-छात्राओं को मिष्ठान वितरण किया गया।

6 से 10 मार्च तक पंचमढ़ी में आयोजित नेशनल एडवेंचर प्रोग्राम में भाग लेने वाले स्टीफन कुमार मेश्राम, अंकितेश बघेल, तरुण कुमार नाग और ओमप्रकाश भारती को भी प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य श्याम सुन्दर पांडे समेत ग्राम सरपंच दिया भद्रे, उपसरपंच यमुना तिवारी, पूर्व सरपंच डमरूधर बघेल और चंपा बघेल, वार्ड पंच बेलमती यादव, फूल सिंह बघेल, पार्वती बघेल, अरावती तिवारी, मीडिया प्रभारी तुलसीराम ठाकुर, वरिष्ठ नागरिक गदाधर ठाकुर, बुलकु बघेल, सोनसाय नाग, लीलेश देवांगन, तोमेश कुमार कौशल, रोमांचल पांडे एवं स्कुल के समस्त स्टाफ और बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे

# शिक्षकों ने किया मरीजों को फल वितरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बस्तर में बस्तर विकासखंड के शिक्षकों के द्वारा आज मरीजों को फल वितरण कर उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना के साथ सौजन्य भेंट किया गया। बस्तर विकासखंड के शिक्षक समुदाय द्वारा प्रत्येक महीने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बस्तर एवं सिविल अस्पताल भानपुरी में जाकर मरीज का हाल-चाल पूछा जाता है और उन्हें शीघ्र स्वास्थ्य लाभ करने हेतु उत्साह वर्धन करते हुए पौष्टिक फल इत्यादि वितरण का क्रम अनवरत रूप से चलाया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बस्तर में बस्तर विकासखंड के शिक्षकों द्वारा फल वितरण का कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर से समीर मिश्रा, राकेश शर्मा सिंह, केशव कश्यप, ओमप्रकाश ध्रुव,मनोज सिंह, जितेंद्र सोरी,कैलाश विश्वकर्मा, सेवानिवृत शिक्षक गोरेलाल एवं बड़ी संख्या में शिक्षकों की उपस्थित रहे। वहीं शिक्षक संगठन द्वारा चिकित्सकों के निस्वार्थ सेवा भाव की भी सराहना करते हुए उनके पूरे स्टाफ के प्रति आभार प्रकट किया गया।

# पॉलिटेक्निक में उत्साहपूर्वक मना स्वतंत्रता दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



शहर के धरमू माहरा शासकीय कन्या पॉलिटेक्निक में 79 वां स्वतंत्रता दिवस बड़े उत्साह और गर्व के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य एसके त्रिवेदी, फैकल्टीज, स्टाफ तथा छात्राएं एकत्रित होकर देशभक्ति की भावना में सराबोर नजर आएं। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराने के साथ हुआ, जिसके पश्चात उन्होंने स्वतंत्रता दिवस के महत्व और देश के विकास में युवाओं की भूमिका पर प्रेरणादायक संबोधन दिया। इसके बाद छात्राओं ने मातृभूमि के सम्मान में मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियां दीं तथा हृदय को स्पर्श करने वाले देशभक्ति गीत गाकर सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर व्याख्याता हेमचंद्र देवांगन ने भी एक सुंदर देशभक्ति गीत प्रस्तुत की। कार्यक्रम के दौरान एनएसएस के विद्यार्थियों को उनकी आवश्यक सेवाओं और कार्यों को सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर बी प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। मंच संचालन का दायित्व व्याख्याता एंजेलिन मैथ्यू और मीनाक्षी राव ने कुशलता से निभाया। इस अवसर को और यादगार बनाने के लिए सभी ने मिलकर परिसर में पौधारोपण किया, जिससे पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम का समापन वरिष्ठ व्याख्याता डॉ. नमिता अग्रकर द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। साथ ही पिछले सप्ताह संस्था में बढ़-चढ़ कर छात्राओं ने हर घर तिरंगा अभियान में भी भाग लिया, जिसमे मानव श्रृंखला और रैली निकल कर अभियान का संदेश और जागरूकता फैलाया।

## खबर संक्षेप



### मां मनसा देवी की पूजा बड़े ही हर्षोल्लास से की

**पखांजुर।** मां मनसा देवी की पूजा परलकोट क्षेत्र में लोगों के बीच विशेष महत्व रखती है और इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं। मां मनसा देवी की पूजा के दौरान भक्तों ने उन्हें दूध और केले चढ़ाया, यह परंपरा सदियों से चली आ रही है। इसे मां के प्रति अटूट विश्वास और श्रद्धा का प्रतीक माना जाता है। श्रद्धालुओं ने मां के जयकारे लगाए और सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की. इस दौरान, क्षेत्र में एक उत्सव जैसा माहौल रहा, जिसमें सभी आयु वर्ग के लोग शामिल हुए।

### अटल बिहारी वाजपेयी को दी गई श्रद्धांजलि



**पखांजुर।** भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर पखांजूर में उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों और नागरिकों ने एक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। वक्ताओं ने वाजपेयी के राजनीतिक जीवन, उनके आदर्शों और कवि व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वाजपेयी के भारतीय राजनीति में नैतिकता और मूल्यों के प्रतीक थे। इस दौरान उपस्थित सभी लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया।

### दुर्घटना में युवक की हुई मौत, जांच में जुटी पुलिस

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत सत्यानंदपल्ली निवासी 19 वर्षीय विश्वजीत उर्फ विक्की 15 अगस्त को दोपहर ढेड़ बजें स्कूटी में सवार होकर खैरकट्टा की ओर न्यू कालोनी की जा रहा था। तभी अज्ञात व्यक्ति ने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए विश्वजीत को टक्कर मार दिया, जिससे आई गंभीर चोट के कारण मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### अज्ञात कारणों के चलते युवक ने लगाई फांसी

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत ग्राम सुभपल्ली निवासी 41 वर्षीय मनोज चक्रवर्ती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। सुबहपाली निवासी 41 वर्षीय मिथुन चक्रवर्ती ने पुलिस को बताया कि मृतक शराब पीने का आदी था। अज्ञात कारणों के चलते 16 अगस्त को दोपहर 2 बजे फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया।

### नाला में डूबने से हुई मौत, मर्ग हुआ कायम

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत बड़ेपारा भानुप्रतापपुर निवासी 59 वर्षीय शर्मालाल उईके का नाला में डूबने से मौत हो गया। बड़ेपारा भानुप्रतापपुर निवासी 32 वर्षीय दुर्गूराम उईके ने पुलिस को बताया कि 15 अगस्त की रात साढ़े 10 बजें मृतक खेत की ओर गया हुआ था। अचानक नाला में डूब गया, जिससे उसकी मौत हुई है।

---

**आयोजन : राधा- कृष्ण सजाओ प्रतियोगिता, मटकाफोड़ भी हुआ**

# कृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर बाबा रामदेव मंदिर में हुए विभिन्न कार्यक्रम, बच्चों में दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

शहर के बाबा रामदेव मंदिर में कृष्ण जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। पर्व की तैयारियों में मंदिर समिती से जुड़े श्रद्धालु सुबह से ही जुट गए थे। रात 9 बजे शुरू हुए कार्यक्रम में सबसे पहले बच्चों के लिए राधा कृष्ण सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके बाद मटका फोड़ का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने भगवान कृष्ण को छप्पन भोग का प्रसाद अर्पित किया। रात 12 बजे मंदिर में भगवान कृष्ण की महा आरती की गई। बाबा रामदेव मंदिर में रात 9 बजे शुरू हुए कार्यक्रम में 11 बालिकाएं राधा तो 9 बालक कृष्ण के वेशभूषा में सजकर आए थे। बच्चों की प्रस्तुतियों ने उपस्थित महिला पुरूषों का मन मोह लिया। इसके बाद बच्चों के लिए नृत्य प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। भगवान कृष्ण के भजनों में राधा कृष्ण के वेशभूषा में बच्चों ने जमकर नृत्य किया। बच्चों के साथ बड़ों ने भी नृत्य का आनंद लिया। दूसरे चरण में मटका फोड़ का आयोजन किया गया। मटका फोड़ में महिला वर्ग से शारदा माहेश्वरी, ज्योत्सना गुप्ता, कीर्ती पांडेय, प्रियंका विश्वकर्मा, गीता गुप्ता, भावना शर्मा, डा. निष्ठा गुप्ता, हेमलता माहेश्वरी, पूनम गुप्ता, कशिश जसनानी, नेहा माहेश्वरी, दृष्टि मोटवानी, सृष्टि मोटवानी, प्रगति मोटवानी, पम्मी सोनी, दर्शन सोनी, भक्ति सोनी, सुनैना जायसवाल, नेहा वाधवानी, अलका कोठारी आदि ने भाग लिया। पुरूष वर्ग से नगर पालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक के अलावा निर्मल माहेश्वरी, अजय गुप्ता, सपन गुप्ता, मनोज गुप्ता, प्रदीप साहू, लाला माहेश्वरी आदि ने भाग लिया। मटका फोड़ में सफल प्रतिभागी केवल दो ही पम्मी सोनी तथा विकास गुप्ता रहे। रात 12 बजे भगवान राधाकृष्ण मंदिर के पट खोले गए। मंदिर में भगवान कृष्ण के लिए झूला भी सजाया गया था। विधिविधान से पूजा के बाद महाआरती की गई जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। श्रद्धालुओं द्वारा अर्पित छप्पन भोग का प्रसाद सभी को वितरण किया गया।



### विजेता किए गए पुरस्कृत

अंत में श्रद्धालु महिला पुरूषों ने गरबा नृत्य किया। मटका फोड़ के विजेताओं के अलावा फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी बच्चों को मंदिर समिति की ओर से पुरस्कार प्रदान किया गया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विजेता हेमलता माहेश्वरी तथा हेमलता सोनी रहीं। आयोजन को सफल बनाने में भागवत माहेश्वरी, प्रकाश सोनी, सुनील माहेश्वरी, संतोष शर्मा, अनिल सोनी, विवेक टावरी, मानसी शर्मा आदि ने योगदान दिया।

### कृष्ण जन्माष्टमी पर मटकी फोड़ कर निकाली गई कलश यात्रा



दुर्गूकोंदल। कृष्णा जन्माष्टमी के अवसर पर दुर्गूकोंदल में विसर्जन रैली निकाली गई। दुर्गूकोंदल के हेमंत यादव ने बताया हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कृष्णा जन्मष्टमी के अवसर पर यादव समाज द्वारा ग्राम के बाजार प्रांगण में कलश यात्रा निकालकर कृष्णा भगवान की मूर्ति विसर्जन किया गया। इसके साथ ही दही हांडी मटकी फोड़ का भी आयोजन किया गया। इस उत्सव में ढोल-नगाड़ों की गूंज और गोविंदा आला रे के नारों से पूरा माहौल भक्तिमय और उत्सव हुआ। गांव के युवाओं ने गोविंदा मंडल बनाकर मानव पिरामिड तैयार किया और ऊंचाई पर लटकाई गई मटकी को फोड़ने की कोशिश किया। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष मेहतरु राम यादव, उपसरपंच तामेश्वरी जैन, बलराम यादव, हरिराम यादव, अजय यादव, दीपक यादव, बसंती यादव, दयालु यादव, दया यादव, समस्त यादव व अन्य लोग उपस्थित रहे।

### हाटकोंदल में मटकी फोड़, कलश यात्रा भी निकाली गई



**दुर्गूकोंदल।** हाटकोंदल में कृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनायी गई। रविवार को विसर्जन रैली निकाली गई। ग्राम पंचायत हाटकोंदल के बलवंत यादव ने बताया हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कृष्णा जन्मष्टमी के अवसर पर यादव समाज द्वारा ग्राम हाटकोंदल के स्कूल मैदान पर यादव भवन में कलश यात्रा निकालकर कृष्णा भगवान की मूर्ति विसर्जन किया गया। दही हांडी, मटकी फोड़ का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष रामसाय, सरपंच हरीश मांडवी, अवधेश यादव, हरिराम यादव, प्रमोद यादव, रवि यादव, दीपक, मानक यादव, कमलेश्वरी यादव, मोनिका, केसर बाई यादव, बहुर सिंग यादव, निखिल यादव, देवेंद्र यादव, नंदू यादव, कलीराम यादव, संजना यादव, भावना यादव, हिना यादव व अन्य लोग उपस्थित रहे।

---

## कांग्रेस की आपत्तिजनक टिप्पणी पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजूर



भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के पदाधिकारी राजदीप हालदार एवं सुप्रकाश मलिक के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाते हुए अंबेडकर चौक पखांजूर में राजेश तिवारी का पुतला दहन किया एवं उसके बाद पुलिस विभाग को उचित कार्रवाई के लिए ज्ञापन सौंपा है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि पखांजूर में धरना-प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता सुप्रकाश मल्लिक और राजदीप हालदार ने अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेंडी को लेकर विवादित बयान दिया था और विधायक चकना बेचता है जैसे नारे लगाए थे। बीजेपी ने इस टिप्पणी के विरोध में काला झंडा लेकर कांग्रेस पार्टी का विरोध किया है। कांग्रेस पार्टी के धरना स्थल पर पहुंचे राष्ट्रय सचिव राजेश तिवारी बंगाली विरोधी बयान के विरुद्ध जमकर किया नारेबाजी किया। राजेश तिवारी वापस जाओं जैसे नारे लगाया गया। इस दौरान कांग्रेस भाजपा आमने सामने होने से पुलिस ने बीच बचाव किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी है कि अगर इस मामले में जल्द ही कोई कार्रवाई नहीं की गई, तो वे उग्र आंदोलन करेंगे। भाजपा ने प्रशासन से इस मामले को गंभीरता से लेकर जल्द से जल्द कार्रवाई करने की मांग की है। ज्ञापन देने के दौरान भाजपा जिला मंत्री मोनिका साहा, मंडल अध्यक्ष पखांजूर दीपांकर राय, कापसी अजय बाछाड़, शंकर सरकार एवं अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थिति रहे।

## श्रीमद्भागवत कथा मोक्ष का एकमात्र साधन : पं अविनाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

श्रीराधा कृष्ण मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन शनिवार को कथा व्यास पर विराजमान पंडित अविनाश महाराज ने गजेन्द्र मोक्ष, समुद्र मंथन, वामन अवतार, राम जन्म एवं कृष्णा जन्मोत्सव की कथा बताई। ऐसे तो श्रीमद्भागवत कथा के प्रत्येक दिवस महत्वपूर्ण रहता है, लेकिन कृष्ण जन्म उत्सव के दिन की बात अलग है। भगवान श्री कृष्ण की बाल रूप की झांकी निकली गई एवं कथा स्थल को वृंदावन कि तरह सजाया गया। भगवान श्री कृष्ण के बालक रूप के दर्शन के लिए भक्तों के कतार लगी रही।

श्रीमद्भागवत कथा जीवन व मृत्यु को सुंदर एवं मोक्ष प्रदान करने वाली कथा है। राजा परीक्षित को श्राप मिला था कि सातवे दिवस ही उनकी सर्पदंश से मृत्यु हो जाएगी। मात्र सात दिनों में मैं ऐसा क्या कार्य करूँगा कि मुझे मोक्ष मिल सके तब महाराज सुकदेव ने श्रीमद्भागवत की अमर कथा सुनाई थी। अविनाश महाराज ने बताया कि राजा परीक्षित के समान ही आपका और हमारा जीवन भी है। न जाने वो जीवन के अंतिम सात दिन कब आ जाए। कोरोना काल का भी जिक्र किया, इसलिए समय रहते आप लोग भी श्रीमद्भागवत कथा श्रवण कर अपने जीवन मृत्यु को सफल बनाए। ईश्वर प्राप्ति के लिए भक्ति की मार्ग को बेहतर बताया गया। क्योंकि भक्ति के मार्ग में चलकर बाल्यकाल अवस्था मे भक्त ध्रुव, भक्त प्रहलाद ने ईश्वर को प्राप्त कर लिया था। वैसे महाराज सूरदास जी, सुदामा, मीरा बाई भगवान प्रति निस्वार्थ भक्ति रही। विपत्ति आने से सबकुछ विपरीत हो जाता है। तीसरे दिवस शुक्रवार को ब्यासपीठ पर विराजमान पंडित अविनाश महाराज ने ध्रुव चरित्र, सती चरित्र, प्रहलाद चरित्र एवं अजामिल ब्याख्यान की कथा सुनाई। महाराज ने कहा कि विश्व पटल पर भारत देश सर्वश्रेष्ठ माना गया है। भारत एकमात्र देश है, जिसे भारत माता का दर्जा मिला हुआ है। वही राज्यों की तुलना छत्तीसगढ़ प्रदेश व संभाग में बस्तर को श्रेष्ठ माना गया है।



### भक्ति के चार प्रमुख मार्ग

अविनाश महाराज ने भगवान की भक्ति के चार प्रमुख मार्ग बताया, जिसमें पहला अ आसन, दूसरा श्वास, तीसरा संगत एवं चौथा इंद्रिया है यदि इसे बस में कर ले तो ईश्वर को पाया जा सकता है। वर्तमान में भक्तो का देवी देवताओं के दर्शन करने का स्वरूप भी बदल गया है। तो ईश्वर की कृपा कैसे मिलेगी। आज हर ब्यक्ति शोक दुख रूपी सागर में डूबा हुआ है। इस सागर से प्रभु ही निकाल सकता है। वही कर्म को भी प्रधानता बताया गया है। लोग अपने अपने कर्म के अनुसार फल प्राप्त करते है। इनके अलावा श्रीमद्भागवत के कई कथा विस्तार से बताया गया है।

## हाथी के हमले से बारकोट में दहशत फसल और घरों को हुआ नुकसान



**पखांजूर।** वन मंडल पश्चिमी भानुप्रतापपुर के पूर्व परलकोट परिक्षेत्र अंतर्गत बारकोट परिसर में एक हाथी ने उत्पात मचाया, जिससे स्थानीय निवासियों में दहशत फैल गई। हांथी ने फसलों और घरों को काफी नुकसान हुआ है, हालांकि किसी भी तरह की जनहानि की खबर नहीं है। वन विभाग की टीम ने बताया कि यह एक अकेला हाथी था, जिसने बारकोट गांव में प्रवेश किया। हाथी के हमले से एक किसान की फसल को नुकसान हुआ है। इसके अलावा दो घरों को भी क्षति पहुंची है, जिसमें से एक घर की 50 किलो चावल की बोरियां भी नष्ट हो गईं। अधिकारियों के अनुसार एक मकान को करीब 5 प्रतिशत क्षति हुई है। हाथी की मौजूदगी को देखते हुए वन विभाग ने बारकोट, फत्तेचूर, दोर्गेझोरा, क्रिंगलमास्पी, हिंदूर और ब्रहिबेड़ा जैसे आस-पास के गांवों में अलर्ट जारी किया है। ग्रामीणों को सतर्क रहने और सुरक्षित स्थानों पर जाने की सलाह दी गई है। इस घटना के बाद वन विभाग की एक टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। इस टीम में परिक्षेत्र अधिकारी विजय पटनायक के साथ-साथ दल प्रभारी अरविंद वाल्दे और अन्य सदस्य सुकराम कुंजाम, सूरज राम ध्रुव, देवलाल पुरामे, श्यामाचरण कुलदीप, रघुनंदन प्रसाद सेन और विनोद कुंजाम शामिल रहे। टीम हाथी पर नजर बनाए हुए है और उसे सुरक्षित रूप से आबादी वाले इलाकों से दूर भगाने का प्रयास कर रही है।




### भाजपा मंडल दुर्गुकोंदल ने अटल बिहारी वाजपेई की मनाई पुण्यतिथि

दुर्गुकोंदल। भारतीय जनता पार्टी मंडल दुर्गुकोंदल के विश्राम गृह में भारत रत्न और पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की 7वीं पुण्यतिथि पर बूथ स्तर शक्ति केंद्र पर उनकी छायाचित्र पर माल्यार्पण और तिलक लगाकर श्रद्धांजलि अर्पित किया। भाजपा मंडल अध्यक्ष बिदेसिंग कल्लो, महामंत्री रामचंद्र कल्लो, मंडल उपाध्यक्ष फुलसिंग मंडावी, जिला पंचायत सदस्य देवेंद्र टेकाम, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अशोक जैन, भाजपा पंचायत प्रकोष्ठ संयोजक विजय पटेल, सरपंच तुलसी मतलामी, नंदू खरे, मुकेश नरेटी, शिवलाल ध्रुवा, नरेश कोमरा, संजय उयके, सोमल जैन, दीपक पुडो, पुनारत मानिकपुरी, छबिलाल कोरेटी सहित सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## परलकोट जलाशय ओवरफ्लो न होने से दुकानदार हुए निराश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर



परलकोट जलाशय हर साल 15 अगस्त के आस-पास अपनी सुंदरता और ओवरफ्लो के कारण पर्यटकों से गुलजार रहता था, लेकिन इस बार पानी का स्तर कम होने से पर्यटकों की संख्या में भारी गिरावट आई है। जिसका सीधा असर ओवरफ्लो के पास लगे अस्थाई दुकानदारों की रोजी-रोटी पर पड़ा है। दुकानदारों ने उम्मीद की थी कि 15 अगस्त तक अच्छी बारिश होगी और जलाशय का पानी ओवरफ्लो हो जाएगा, जिसके चलते बड़ी संख्या में लोग यहां आएंगे। इसी उम्मीद में उन्होंने समय से पहले अपनी दुकानें सजा ली थीं। इनमें खाने-पीने की चीजें, खिलौने और स्थानीय हस्तशिल्प की दुकानें शामिल हैं। हालांकि बारिश की कमी के कारण उनकी सारी मेहनत पर पानी फिरता दिख रहा है। एक दुकानदार ने कहा हम हर साल इस समय का इंतजार करते हैं, क्योंकि यह हमारे लिए कमाई का सबसे अच्छा मौका होता है, लेकिन इस बार पर्यटक नहीं आ रहे हैं और हमें भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। पिछले दो दिनों से हो रही लगातार बारिश से दुकानदार अभी भी जलाशय के ओवरफ्लो होने की उम्मीद लगाए बैठे हैं। उनका मानना है कि यदि जल्द ही अच्छी बारिश होती है और जलाशय का पानी बहना शुरू हो जाता है, तो दूर-दराज से लोग यहां की प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लेने जरूर आएंगे। इससे उनका व्यापार फिर से पटरी पर लौट पाएगा। परलकोट जलाशय की यह स्थिति सिर्फ इन दुकानदारों की ही नहीं, बल्कि पूरे स्थानीय पर्यटन पर भी एक बड़ा प्रश्नचिह्न लगा रही है।

## परलकोट क्षेत्र में यूरिया संकट के दौर में नैनो यूरिया बनी किसानों की नई उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर

परलकोट क्षेत्र में पारंपरिक यूरिया की किल्लत से जूझ रहे किसानों के लिए नैनो यूरिया एक नया विकल्प बनकर उभर रहा है। क्षेत्र में किसान उर्वरक सहकारी लिमिटेड द्वारा विकसित यह तरल उर्वरक न सिर्फ किसानों की परेशानी दूर कर रहा है, बल्कि बेहतर नतीजे भी दे रहा है।



किसानों को पारंपरिक यूरिया की कमी के कारण मजबूरी में नैनो यूरिया का इस्तेमाल करना पड़ा, लेकिन अब इसके शानदार नतीजों को देखकर वे खुश हैं। यह एक तरल पदार्थ है जिसे पानी में मिलाकर सीधे फसलों पर छिड़का जाता है। नैनो यूरिया के कण इतने छोटे होते हैं कि वे सीधे पत्तियों के माध्यम से फसल में समा जाते हैं। इस वजह से पारंपरिक यूरिया की तुलना में कम मात्रा में ही अधिक प्रभाव देखने को मिलता है। इससे यूरिया की बर्बादी भी रुकती है, नैनो यूरिया का सीधा छिड़काव फसल को तुरंत पोषण देता है, जिससे पैदावार में वृद्धि होती है। यह पारंपरिक यूरिया से काफी कम मात्रा में इस्तेमाल होता है, जिससे किसानों का खर्च बचता है। यह छोटी बोतलों में मिलता है, जिसे कहीं भी ले जाना और इस्तेमाल करना आसान है। सरकार और कृषि विभाग भी नैनो यूरिया के फायदों के बारे में किसानों को बताकर इसे अपनाने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। कृषि अधिकारियों का कहना है कि नैनो यूरिया का स्टॉक पर्याप्त मात्रा में है, ताकि किसानों को किसी भी तरह की दिक्कत न हो। उम्मीद है कि यह आधुनिक तकनीक भारतीय कृषि को भविष्य में और भी सशक्त बनाने में सहायक होगी।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

